दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 301 मुरादाबाद 27 February 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## रूस के सामने यूक्रेन ने टेके घुटने, पुतिन से शांति वार्ता को तैयार हुए जेलेंस्की, अब केवल जगह और समय पर हो रहा मंथन



कीव ( इन्टरनेट ) यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के बातचीत के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। पूरी दुनिया के लिए ये एक बड़ी राहत की बात है। रूसी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक केवल इस वार्ता के लिए जगह और वक्त पर मंथन चल रहा है। आपको बता दें कि रूस की तरफ से इससे पहले कहा गया था कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की तरफ से शांति वार्ता शुरू करने को लेकर फोन किया गया था। लेकिन दोनों के बीच वार्ता की पहल इस वजह से नहीं हो सकी थी क्योंकि जेलेंस्की वार्ता को पौलेंड के शहर वर्सा में करना चाहते थे जबकि रूस चाहता था कि ये वार्ता बेलारूस के मिन्स्क में हो। रूस ने ये भी कहा था कि ये बातचीत केवल यूक्रेन को न्यूट्रल स्टेट घोषित करने को लेकर ही होगी। अब जेलेंस्की के बातचीत पर राजी होने से इस बात की उम्मीद जगने लगी है कि शायद जल्द ही इस युद्ध का अंत भी हो जाएगा यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के प्रेस सचिव सर्गेई निकिफोरोव का कहना है कि राष्ट्रपति ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और शांति और युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार हैं। उनके मुताबिक जेलेंस्की ने अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा है कि मुझे आरोपों का खंडन करना होगा कि हमने बातचीत करने से इनकार कर दिया है। यूक्रेन हमेशा से ही शांति और युद्धविराम पर बातचीत के लिए तैयार है। यह हमारी स्थायी स्थिति है। हमने रूसी राष्ट्रपति के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। निकोफोरोव के मुताबिक वार्ता के स्थान और समय के बारे में विचार-विमर्श चल रहा है। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी वार्ता शुरू होगी, सामान्य जीवन बहाल करने की उतनी ही अधिक संभावनाएं होंगी। रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेसकोव ने पहले कहा था कि पुतिन यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए मिन्स्क में एक प्रतिनिधिमंडल भेजने के लिए तैयार हैं। बाद में, उन्होंने कहा कि बेलारूसी राजधानी शहर में वार्ता आयोजित करने की पहल के जवाब में यूक्रेनी पक्ष ने वर्सा को एक संभावित स्थान के रूप में सुझाया और फिर भी बाद में कोई बातचीत नहीं की। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार सुबह एक टेलीविज़न संबोधन में कहा कि था कि उन्होंने यूक्रेन के सताए डोनबास के लोगों की रक्षा के लिए एक विशेष सैन्य अभियान चलाने का निर्णय लिया था। उन्होंने ये भी कहा था कि मास्को का यूक्रेन के क्षेत्रों पर कब्जा करने की कोई योजना नहीं है। रूस की तरफ से ये भी कहा गया है कि उनकी सेना किसी शहर या लोगों को टार्गेट नहीं कर रही है। रूस ने साफ कर दिया है कि उनका अभियान नागरिक आबादी के लिए कोई खतरा नहीं है।


## अम्बेडकर नगर में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ- कथित समाजवादी का नारा, सबका साथ पर सैफई खानदान का विकास



अम्बेडकरनगर, संवाद सूत्र। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कथित समाज वादियों का एजेंडा सबका साथ, लेकिन सैफई खानदान का विकास है। सपा के गुडे व बसपा का हाथी गरीबों का राशन खा जाता था। हमारे शासन में गरीबों को उनका हक मिल रहा है। शनिवार को मुख्यमंत्री ने कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के रामदेव जनता इंटर कालेज में भाजपा-निषाद पार्टी के गठबंधन प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि हमारा बुलडोजर एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराता है और गुंडों व माफिया को रौंदता भी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि माताओं व बहनों को उज्जवला योजना के तहत होली-दीवाली में मुफ्त रसोई गैस दी जाएगी। 60 वर्ष से अधिक महिलाओं को रोडवेज बसों में निश्शुल्क यात्रा करने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि निषाद पार्टी के प्रत्याशी अवधेश के चुनाव चिन्ह भोजन भरी थाली पर वोट देकर जिताएं। क्योंकि भगवान राम और निषादराज में मैत्री आज से नहीं बल्कि त्रेता युग से है। इसलिए सभी एकजुट हो जाएं। योगी ने कहा कि भाजपा का मुख्य मुद्दा राष्ट्रवाद, सुशासन व विकास है। सपा और बसपा का मुद्दा माफिया को संरक्षण देना है। इस दौरान युवाओं के जोश को देखकर योगी ने कहा कि उन्हें रोजगार, नौकरी दी गई है और आने वाले पांच वर्षों में सभी घरों को एक नौकरी, एक रोजगार अथवा एक स्वरोजगार से जरूर जोड़ा जाएगा। आधुनिक समाजवादियों ने राम भक्तों पर गोली चलवाकर उनका अपमान किया है। इसके बाद मुख्यमंत्री का उड़न खटोला अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के जीके जेटली इंटर कालेज पहुंचा। यहां से प्रत्याशी धर्मराज निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मराज निषाद को जिताओ ताकि यहां का भी विकास तेजी गति से हो सके। योगी ने कहा कि जो समाजवादी अब तक तमंचे लेकर चलते थे, 2024 का आम चुनाव आते-आते हनुमान जी की गदा लेकर चलने लगेंगे।

## बंकरों में छिपी भारतीय लड़कियों का राहुल गांधी ने शेयर किया वीडियो, बोले- दृश्य विचलित करने वाला

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूक्रेन में युद्ध के बीच भारतीय छात्रों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने ट्वीट करके कहा कि युद्ध की विभीषिका से जूझ रहे यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों के जान बचाने के लिए बंकरो में छिपे होने के दृश्य विचलित करते हैं। राहुल ने सरकार से इन सभी छात्रों को तत्काल वापस लाने के लिए व्यवस्था करने की अपील की। उन्होंने पहले भी सरकार से इस दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया था। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, 卐बंकरों में भारतीय छात्रों के दृश्य विचलित करने वाले हैं। कई छात्र भारी हमले की चपेट वाले पूर्वी यूक्रेन में फंसे हैं। मैं फंसे छात्रों के चिंतित परिवार के सदस्यों के साथ खड़ा हूं। मैं इन छात्रों को तत्काल वापस लाने की व्यवस्था करने की भारत सरकार से फिर अपील करता हूं।



↳ छात्रा बोली- भारत सरकार से हमें मदद की जरूरत

कांग्रेस नेता ने इसके साथ ही एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारतीय छात्र भारत सरकार से उन्हें वहां से तत्काल वापस लाने की व्यवस्था करने की अपील कर रहे हैं। वीडियो में मेघना नाम की एक छात्रा बताती है कि वह बेंग्लुरु की रहने वाली है। उन्होंने कहा कि यहां देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग आए हैं, जिन्हें फिलहाल भारत सरकार से मदद की जरूरत है। हमें ऐसा लग नहीं रहा है कि इस दिशा में कोई कदम उठाया जा रहा है।

↳ एअर इंडिया का विमान भारतीयों को वापस लाने के लिए बुखारेस्ट रवाना

मालूम हो कि यूक्रेन से भारतीयों का रेस्क्यू शुरू हो चुका है। आज सुबह ही एअर इंडिया के एक विमान ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को स्वदेश लाने के लिए रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट के लिए मुंबई हवाईअड्डे से उड़ान भरी। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने बताया कि उड़ान संख्या एआई1943 ने तड़के करीब तीन बजकर 40 मिनट पर मुंबई हवाईअड्डे से उड़ान भरी और उसके भारतीय समयानुसार सुबह करीब दस बजे बुखारेस्ट हवाईअड्डे पर पहुंचने की संभावना है।


ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-


9027776991

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## यूक्रेन से लौटी फर्रुखाबाद मे एमबीबीएस छात्रा

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- यूक्रेन से लौटी एमबीबीएस छात्रा तान्या नें बतायी आप बीती । फर्रुखाबाद शहर के मोहल्ला आवास विकास निवासी विजय राठौर की बेटी तान्या नें बताया कि यूक्रेन में माहौल खराब होनें के बाद पिता विजय राठौर नें उसका टिकट बुक कर दिया गया था वह तीन दिन पूर्व घर आ गयी है उसने बताया कि वह फर्रुखाबाद के कई छात्रों को जानती है जो उसके साथ ही पढ़ते है तान्या नें बताया कि इस समय वहां के हालत बहुत खराब है मेरे सारे दोस्त वहां फंसे हुए है और उन्हें कोई मदद नही मिल पा रही है जहाँ पर उसके दोस्त है वहां आस-पास कई धमाके हुए है उसने बताया कि विश्व विद्यालय के




तान्या राठौर, यूक्रेन से वापस लौटी एमबीबीएस की छात्रा

द्वारा पहले धीरे-धीरे घर जानें की बात कही गयी । लेकिन जैसे-जैसे हालात बिगड़े तो विद्यालय ने सभी छात्रों को घर जानें की नसीहत दी छात्रों ने अपने टिकट 26 फरवरी, 5 मार्च तक के बुक किये लेकिन तभी अचानक हमला हो गया और उसके सभी दोस्त वहीं फंसे है तान्या नें पीएम मोदी से अपने दोस्तों को सकुशल वापस लानें की अपील की है

## यूक्रेन में फंसा एमबीबीएस की पढ़ाई करने गया फर्रुखाबाद का छात्र

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - जनपद फर्रुखाबाद के शमशाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चीफ फार्मासिस्ट के पद पर तैनात कमलेश बाबू का बेटा प्रतीक यू क्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई करने गया है । आप बॉय वहां यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध होने से फस गया है और आज उसके घर वालों ने उससे फोन पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात की तो उसने बताया की पापा-पापा बड़ी घबराहट हो रही है । यहां बम पर बम फूटे जा रहे हैं । छात्र के मुंह से यह बात सुनकर घर वाले भी परेशान हो रहे हैं । छात्र को चिंता सताए जा रही है । बता दें कि शमसाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चीफ फार्मासिस्ट कमलेश बाबू का बेटा प्रतीक यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई



कर रहा है । एमबीबीएस के कोर्स की यह उसकी चौथी साल है । आज सुबह से दो बार वह अपने पिता से बात कर चुका है । पिता कमलेश ने बताया कि बेटे ने जानकारी दी है कि सुबह से दोपहर तक उसके घर के नजदीक कई बार बम फूट चुके हैं । तेज धमाके हो रहे हैं । डर लग रहा है । इस पर कमलेश ने अपने बेटे को हिम्मत बंधायी । कहा कि घबडाएं न घर से बाहर न निकलें । कमलेश ने बताया कि बेटे ने जानकारी दी है कि यूक्रेन में जो छात्र फंसे हैं । उन्हें पास के ही दूसरे शहरों में शिफ्ट करने की तैयारी हो रही है । मामले पर यूक्रेन में प्रति एमबीबीएस के छात्र प्रति की मां ने बताया कि पुत्र के साथ ही उनका भतीजा विवाह फंसा हुआ है दोनों वह पढ़ाई कर रहे हैं उन्होंने आगे बताया कि बेटे से आज बात हुई है तो उसने बताया कि कल मिसाइल के अटैक हुए थे जिसके धमाके सुनाई दिए थे वहां कोई सुविधा बच्चों को नहीं मिल पा रही है साथ ही वहां से निकलने के सवाल पर बताया कि रोमानिया का बॉर्डर 600 किलोमीटर है तो पोलैंड का बॉर्डर 700 किलोमीटर है जो काफी दूर है फिर भी उन्हें भारत सरकार पर भरोसा है कि उनके बच्चे सकुशल वापस आ जाएंगे तथा उन्होंने बताया कि बेटे से तो बात हो गई लेकिन भतीजे से बात नहीं हो पाई है ।

## किराए के मकान में कानूनगो का शव बरामद से सनसनी फैली

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - शहर कोतवाली के ग्राम मसेनी निवासी धर्मेंद्र चौहान के मकान में 55 वर्षीय अवधेश चौहान किराए पर रह रहे थे अवधेश चौहान चकबंदी विभाग में कानूनगो के पद पर तैनात थे। मिली जानकारी के मुताबिक इस मकान में महीने में कुछ ही दिन के लिए रुकते थे और फिलहाल एक साल से वह मकान की दूसरी मंजिल किराए पर लिए हुए थे ।शुक्रवार को अवधेश चौहान ड्यूटी पर नहीं गए। शाम को जब मकान मालिक धर्मेंद्र चौहान घर वापस आए तो उन्होंने जब उनके कमरे में जाकर देखा तो अवधेश मुंह के बल जमीन पर पड़े थे और मुंह से खून निकल रहा था धर्मेंद्र ने मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी सूचना मिलने पर पांचाल घाट चौकी इंचार्ज भोलेंद्र चतुर्वेदी अलीगढ़ चौकी इंचार्ज राजेश राय के साथ ही फील्ड यूनिट की टीम भी मौके पर आ गई अवधेश चौहान मूल रूप से मैनपुरी के निवासी बताए गए हैं पुलिस ने उनके परिजनों की को घटना की सूचना दे दी वह देर रात तक मौके पर पहुंचेंगे फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी

## पैलानी में युमना नदी में गिरा ट्रक-ट्रक में फंसे लोगों की तलाश में जुटे गोताखोर, एक शव बरामद

अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा- पैलानी बांदा के गलौली बारा पांटून पुल में धान से भरा ट्रक पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए यमुना नदी में जा गिरा। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस वा स्थानीय गोताखोरों के सहारे एक शव को बाहर निकाला। जबकि ट्रक व उसमें फंसे लोगों की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बांदा की ओर से धान से भरा एक ट्रक गलौली होते हुए जाफरगंज फतेहपुर जा रहा था तभी पांटून पुल में ट्रक नियंत्रित होकर रेलिंग को तोड़ते हुए नीचे नदी में जा गिरा। घटना की सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी राकेश कुमार सिंह एवं सीओ सदर जाफर गंज संजय सिंह व नायब तहसीलदार कमलेश यादव मौके पर पहुंचे। यहां गोताखोरों को लगाकर ट्रक में फंसे लोगों को ढूंढने में काफी मशक्कत की।इस दौरान सिरफ् लेकिन ट्रक न मिलने पर सी ओ सिटी व सीओ जाफरगंज ने एसडीआरएफ को सूचना दी है। अधिकारियों ने बताया कि यदि दो पीपे को हटा दिया जाए तो नीचे फंसे ट्रक को आसानी से निकाला जा सकता है।


## धारी बाबा मंदिर तक बिजली पहुंचाने की प्रशासन से मांग



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जनपद श्रावस्ती में विकास क्षेत्र गिलौला के अंतर्गत गांव अमवा में बने शिव जी की मन्दिर जो लगभग 200 साल पुरानी है।जहां पर लाइट की व्यवस्था नहीं है, स्थान धारी बाबा ने प्रशासन से मंदिर तक बिजली पहुंचाने के लिए अवगत कराते हुए कहा कि आस्था का प्रतीक शिव जी का मंदिर बहुत ही पुराना है इसमें भक्तों कीआस्था जुड़ी हुई है फिर भी शासन वह प्रशासन के लोगों ने आज तक लाइट की व्यवस्था नहीं करवाई जिससे शिव भक्तों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

## मथुरा रोड पर पलटी ट्रैक्टर टाली, दो की मौत



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - कोतवाली क्षेत्र में मथुरा रोड पर गांव साथिनी के समीप रजबहा पर बड़ा हादसा हुआ। अनियंत्रित होकर रजबहा में ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं ट्राली में बैठे दो युवक बाल-बाल बच गए। चारों युवक मथुरा से बेसवां में गुलाल के पैकिट उतराने के लिए आए थे। सूचना पर कोतवाली पुलिस व युवकों के स्वजन भी मौके पर पहुंच गए। वहीं दोनों युवकों के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खराब मौसम होने के कारण अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया था।

## पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल संभागीय परिवहन कार्यालय मैदान का निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने यातायात व्यवस्था का जायजा लिया व पोलिंग पार्टियों को निर्धारित मार्ग से जाने हेतु यातायात ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। पोलिंग पार्टियां अपने-अपने गंतव्य स्थल को सकुशल रवाना हुई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री के0सी0 गोस्वामी क्षेत्राधिकारी इकौना श्री महेंद्र पाल शर्मा व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## अवैध बालू खनन बुग्गी चालकों पर चला प्रशासन का चाबुक



हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद - गंगा घाट से प्रात: सुबह बुग्गी चालक अवैध बालू खनन कर शहर में करते हैं व्यापार जिला अधिकारी के आदेश पर खनन अधिकारी राजीव रंजन ने बालू लदी बुग्गियो को पकड़ा खनन अधिकारी ने चेकिंग अभियान कर दो दर्जन से अधिक पकड़ी अवैध बालू खनन बुग्गी खनन अधिकारी राजीव रंजन ने बालू लदी बुग्गीयो को खाली करवाया खनन अधिकारी ने बुग्गी चालकों को आखरी चेतावनी देकर छोड़ा खनन अधिकारी राजीव रंजन ने बताया कि करीब 10 से 15 दिन चलाया जाएगा मिशन मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का

## अतर्रा के किसानों ने जिला अधिकारी बांदा से लगाई गुहार



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बाँदा-बांदा जनपद के अतर्रा मंडी धान खरीद केंद्र मंडी का गेट बंद हो जाने से कई दिनों से मंडी के बाहर कई गाड़ियां खड़ी है । परेशान हो पीड़ित किसानों ने जिला अधिकारी कार्यालय बांदा पहुंच कर प्रार्थना पत्र के माध्यम से आप बीती सुनाते हुए मांग की है की मंडी का गेट खुलवा कर धान खरीदे जाने का आदेश दे।

## शनिवार का बाजार मैं खरीदारी को आई महिलाएं बारिश के कारण बाजार फीका




सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा ढाल चलचित्र, पर लगे शनिवार के बाजार मैं महिलाओं की खरीदारी को लेकर भीड़ तादाद वर्षा के कारण कम नजर आए उधर खरीदारी को लेकर आई महिलाओं मैं उस वक्त भगदड़ मची जब अचानक तेज गति से आई बारिश सभी दुकानदार अपनी दुकानों को समेट ते नजर आए इसी तरह आज मौसम ने लगभग 3ः00 बजे तक अपना रंग कभी सूरज निकलना कभी अचानक बूंदाबांदी के साथ तेज हवाएं इसी तरह से आज जल जीवन अस्त व्यस्त नजर आया वही शनिवार का बाजार में खरीदार को आए एक बहन भाई ने कहा यहां शनिवार के बाजार की आस सप्ताह भर लगी रहती है इसी दिन घर की मां बहन बेटियां चूड़ी चप्पल कपड़ा आदि खरीदारी को लेकर शनिवार के बाजार का सप्ताह भर बेचैनी से इंतजार करती हैं जिसका कारण यह भी है मध्यमवर्ग मजदूर यहां सस्ते रेट्रो में चीज खरीद कर कुछ अपने मैं अपने परिवार के लिए खरीदारी करने आते हैं लेकिन आज मौसम के गड़बड़ होने की वजह से दूरदराज गांव से लोग खरीदारी को लेकर कम आए फिर भी कभी सूखा कभी बारिश होने की बिना पर आज बेचारे सप्ताह भर बाजार का इंतजार फल वाले कपड़ा दुकानदार आदि इस दिन का इंतजार करते हैं लेकिन आज सुबह से ही मौसम ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया जिससे बाजार में आए दुकानदार भाई भी हाथ पर हाथ धरे बैठे दिखाई दिए दुकानदार भाई ने सुबह से बोनी तक ना होने की बात कही इस वक्त अगर इंतजार है तो जनता को कौन बनेगा उत्तर प्रदेश का रहनुमा बाजार में भी चर्चा होती नजर आई

## अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा कैंप कार्यालय पर एक बैठक

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कैंप कार्यालय रामू वाला गणेश पर जिला अध्यक्ष कॉमरेड कल्लन शाह के नेतृत्व में जिला कमेटी के सदस्यों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कल दिनांक 27 फरवरी 2022 को तहसील ठाकुरद्वारा के बथुआ खेड़ा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का शहीदी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया तथा जिला अध्यक्ष कॉमरेड कल्लन शाह ने कहा कि रूस द्वारा यूक्रेन पर किए जा रहे आक्रमणों को तुरंत रोका जाए और रशियन आक्रमणों का पुरजोर विरोध किया जाए तथा यूरोप के साम्राज्यवादी मुल्कों के सैन्य गठबंधन के विस्तार को रोका जाए तथा किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि भारत सरकार यूक्रेन में फंसे हुए समस्त भारतीय नागरिक व छात्रों को सकुशल तुरंत वापस बुलाए तथा स्थानीय मामलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिला मुरादाबाद में जिन जिन स्थानों पर बारिश के साथ साथ ओलावृष्टि हुई है वहां के किसानों को उनके नुकसान का मुआवजा दिया जाए तथा त्रिवेणी शुगर मिल रानी नांगल के देहात में लगे गन्ना केंद्रों के किसानों को पर्चियां कम उपलब्ध हो रही है जिन किसानों के पास केवल पौधा गन्ना है उन्हें अभी तक गन्ना आपूर्ति हेतु एक भी पर्ची प्राप्त नहीं हुई है गन्ना समिति सचिव तथा मिल प्रबंधन के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया तथा सुधारना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है कार्यक्रम में जिला सचिव कैलाश सिंह कामरेड वीर सिंह नरेश सिंह सुरेंद्र सिंह जगदीश सिंह पांडे तथा नत्थू सिंह आदि मौजूद रहे

## पल्स पोलियो खुराक शत प्रतिशत घर घर जाकर पिलाएं जाने पर जोर



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हाउस बाय हाउस पल्स पोलियो खोरा पिलाए जाने पर सभी स्वास्थ्य कार्यकत्रियों आशाओं आंगनवाड़ी यो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सभी स्वास्थ्य कार्यकत्रियों आशाओं आंगनबाड़ियों को , घर घर जाकर पल्स पोलियो खुराक पिलाने के दिए निर्देश कार्यकत्री आशाओं को प्रशिक्षण देते चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मोहम्मद असलम ने कहा कि अपने अपने वार्ड वाइज शत प्रतिशत पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाएं और लोगों को पोलियो की खुराक के लिए जागरूक करें प्रशिक्षण के दौरान डब्ल्यू एच ओ एफएम कुलदीप कुमार नरेश सिंह बु थ , वर्करों आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और आशाएं मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## मौसम ने बदला रंग तेज हवाओं बारिश बिजली की गड़गड़ाहट के संग

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा- ठाकुरद्वारा शुक्रवार की देर रात्रि 12ः00 बजे के बाद अचानक मौसम ने अपना रंग बदला बादलों में हो रही धमाल तेज हवाएं बारिश से मौसम में तब्दीली अचानक हुई बारिश ने ठंडी का कराया एहसास लगातार बारिश से जल जीवन अस्त व्यस्त 262 2022 दिन शनिवार को भी सुबह से बारिश लगातार बढ़ती ठंड से कांपते लोग फिर निकल आए गर्म वस्तु बिन मौसम आई वर्षा से लोगों में मौसम लेकर हुई चर्चा ऐसा लग रहा है इस वक्त की बारिश से खेती की कई फसलों को भारी नुकसान तेज हवा से हो जाती है गेहूं की फसल भी खराब अब क्या किया जाए एक किसान भाई ने बहुत दुख के साथ हमारे संवाददाता से बात करते हुए बतलाया इस देश का अन्नदाता किसान अपनी कड़ी मेहनत मशक्कत से रात दिन धूप में तब कर खेत की डॉल की यारी पर अपना जीवन इस आस उम्मीद में गुजारता है शायद इस बार फसल की पैदावार अच्छी हो वह भी अपने घर परिवार को आने वाले त्यौहार पावन पर्व पर खुशियां दे पाएगा अपनी बिटिया की शादी धूमधाम से कर पाएगा लेकिन देश का अभागा किसान किस्मत की मार वह कुदरत की मार झेल नहीं पाता और इसी तरह से किसान की उम्मीदों पर पानी फिर जाता है कभी सूखे के कारण कभी फसल की पैदावार अच्छी ना होने के कारण कभी फसलों को कीड़े खा जाते हैं आंधी बारिश बरबाद कर देती है इसी तरह से सदियों से किसान यूं ही मेहनत कर अपना दो वक्त का गुजर भी अच्छे से नहीं कर पाता यूं ही अपना जीवन खत्म कर देता है इस देश में मेहनतकश यूं ही मेहनत करते करते इस दुनिया से विदा हो जाता है देश का मजदूर अन्नदाता किसान दोनों की ही किस्मत में मेहनत करने के बाद भी दो वक्त का भोजन अच्छे से नहीं कर पाता यही किसान और मजदूर हम मध्यमवर्ग दबे कुचले वर्ग बेसहारा असहाय लोगों की किस्मत में लिखा है ईश्वर या तो सब को एक समान बना दे या फिर दुनिया से इस अभागे किसान और मजदूर को खत्म कर दे हम उस खुदा से यही मांगते हैं खुदा इस देश के किसान और मजदूर की किस्मत में भी सुख लिख दे या देश के किसान और मजदूर को बर्बाद होने से बचाले खुदारा

WWW.KNLSLIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# India's peace efforts


The sound of explosions heard from Ukraine's capital Kiev and other areas is getting louder. Prime Minister Narendra Modi spoke to Russian President Vladimir Putin when there was no way to peace in the midst of Russia's ever-increasing aggression. The problem should be resolved through dialogue and diplomacy instead of war, this is India's old stand, which India also expressed in the United Nations a few days ago. The Prime Minister has reiterated this point to Russian President Putin as well. According to the press release issued by the Government of India, Prime Minister Modi has also said that the differences between Russia and NATO can be resolved through talks held with utmost sincerity and seriousness. This means that India is not only looking at this issue as Russia vs Ukraine, but also wants to eliminate the larger cause which is at the root of this war. However, Ukraine has certainly been a little disappointed about this. Ukraine's ambassador to Delhi, Igor Polikha, has expressed his disappointment openly. They say that if India wants, this war can be stopped. We should also see this in the form of how much hope is being pinned on India in the latest dispute in Eastern Europe. US President Joe Biden has also said that his country is in touch with India regarding the problem. On the other hand, the Secretary of Foreign Affairs of the European Union has also spoken to the Indian Foreign Minister regarding this.“In the midst of this problem of war, India is trying to overcome one of its other problems. More than 20,000 of its students are currently stranded in war-torn Ukraine. Due to the closure of the airspace, it is not possible to evacuate these Indians from there by plane. Efforts are on to get these students out from there by ground route. This can happen only if both Ukraine and Russia cooperate with India for this. On this matter too, Prime Minister Modi has spoken to Putin and from there he has also got assurance of cooperation. After this conversation, the Cabinet Committee on Defense Affairs has also talked about giving priority to bringing these students from there.“The hope that has been attached to India in this war has also created some religious crises. India is a country which has good relations with America, Russia and even Ukraine. When this is the case, you cannot take sides. Then the reasons which have led to this war are not under our control. It can be argued that Russia has violated the sovereignty of Ukraine, so we should oppose that. But there have been many occasions in Iraq, Iran, Yugoslavia, Libya etc., when America violated their sovereignty. Then this matter has now reached that point, where it is not possible to achieve anything by taking a moral stand alone. Therefore, here only a limited role of the mediator is left. At present, India is trying to do the same. If India and other liberal countries like it can still find a peaceful solution, then it will be a big thing for the world.

# Troll commented on Mrunal Thakur - 'The pot is like back', the answer of the actress went viral



Bollywood actors have to face body shaming many times. They are especially targeted on the posts of their pictures and videos on social media. Some of these trollers do not hesitate to make lewd comments on them. 'Jersey' actress Mrinal Thakur shared a video of her on which users started commenting on her body but Mrinal also did not remain silent. He taught those trollers a tough lesson and gave such an answer that he stopped speaking. Now this comment of Mrinal is going viral. The 29-year-old actress shared a video of her workout routine in which she was with her fitness expert. He was wearing a black top and shorts. The way Mrinal was practicing, her fellow actors from the industry praised her. Among them are Tamannaah Bhatia, Shobhita Dhulipala and Siddhant Kapoor. Comments of trolls - One user wrote, 'Like a pot, it is back.' Mrinal wrote on his comment- 'Thank you brother.' A troll even started advising him, 'Lower your lower part. The natural look is better, too much fat creates an illusion. On giving advice without asking, Mrinal writes, 'Some pay for it, some have it naturally, we just have to flaunt friend. You should flaunt.' Talking about the work front of Mrunal's upcoming film, 'Jersey' with Shahid Kapoor is going to release in April this year. Mrunal's recent release was 'Dhamaka'. She was opposite Kartik Aaryan in the film.

## Why did the Supreme Court dismiss the petition seeking a stay on the release of Alia Bhatt starrer 'Gangubai Kathiawadi'? Know the reason



The Supreme Court has dismissed a petition seeking a stay on the release of Sanjay Leela Bhansali-directed Bollywood film 'Gangubai Kathiawadi', saying prima facie the film is an artistic expression within the purview of the law. . Alia Bhatt-Ajay Devgn starrer This film has been released in theaters on Friday, which is getting good response from critics and audience. Gangubai's adopted sons- Justice Indira Banerjee and Justice J.K. Maheshwari dismissed the petition of Babuji Raoji Shah, who claims to be the adopted son of Gangubai. The film is reportedly based on the life of Gangubai. Shah had moved the High Court against the order of the Bombay High Court, which refused to stay the film. The apex court on Thursday dismissed the petition - the story of Gangubai - portrayed. The detailed order uploaded on Friday states that there is no material which can prove that the petitioner is a family member or close relative of Gangubai. "The contention of the petitioner is that the story of Gangubai portrayed is untrue, vague and devoid of material details," the order said. There is an artistic expression- the country states, 'In any case, whether the story is right or wrong, it will be decided by the court after investigation. The film certificate issued by CBFC prima facie shows that the film is not defamatory. Prima facie, it seems that the film is an artistic expression within the norms of law.'

**आवश्यकता है** उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## नही रहे पूर्व एमएलसी चंद्रप्रताप सिंह यादव चंदू भैया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नहीं रहे पूर्व एमएलसी चंद्रप्रताप सिंह यादव चंदू भैया। एटा जनपद की राजनीति के भीष्मपितामह चौ0लटूरी सिंह यादव के पुत्र एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चौ0अवधपाल सिंह यादव के अनुज चौधरी चंद्रप्रताप सिंह यादव चंदू भैया का आज लम्बी बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया।चंद्रप्रताप सिंह चंदू भैया,2010 में तीन जनपदों के निकाय एमएलसी चुनाव में बसपा से विजयी हुए थे,इनका कार्यकाल 2016 तक रहा।उनका निधन नोयडा के हॉस्पिटल में देर रात हो गया था,उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव सोहन नगर उर्फ टपुआ उनके आवास पर जैसे ही पहुंचा वहाँ उपस्थित हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह,परिजनों, शुभचिंतकों, राजनीतिकों,की आंखों से अश्रुधारा प्रवाहित होने लगी।हर व्यक्ति उनकी एक झलक देखने के लिए आतुर नजर आ रहा था,चंदू भैया को श्रद्धांजलि देने उनके अंतिम दर्शन में उमड़ी भीड़ में सभी दलों के राजनीतिकों में, सत्यपाल सिंह राठौर,राम किशोर यादव,कु0देवेंद्र सिंह यादव,रमेश यादव,रामेश्वर सिंह यादव,सत्तन शाक्य,राकेश गांधी,शिशुपाल सिंह यादव,अजय यादव गौरव यादव टीटू, डॉ अशोक रत्न शाक्य, कुशलपाल सिंह राठौर, हरनाथ सिंह यादव, जितेंद्र प्रताप जीतू राठौर,जीनत बेगम, नासी खान,राजेश यादव,जुनैद मियां, नसीम सिद्दीकीके अलावा हजारों लोग उपस्थित थे,उनको मुखाग्नि उनके पुत्र सुरजीत यादव ने अश्रुपूरित नेत्रों से दी।

## बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में निःशुल्क नेत्र शिविर स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज, सन्त निरंकारी मिशन द्वारा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में संपूर्ण भारतवर्ष में सफाई अभियान एवं वृक्षारोपन अभियान का आयोजन हुआ! वही निरंकारी मिशन की ब्रांच कासगंज के निरंकारी श्रधालुओ ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस पर उनकी शिक्षाओं को याद



करते हुए कासगंज जिले के प्राइमरी स्कूल किलोनी मे सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया निरंकारी प्रतिनिधि अनिल चंद्रा ने बताया कि मथुरा के हाइवे नवादा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन जोनल इंचार्ज एच. के. अरोड़ा जी के नेत्रत्व मे हुआ जिसमे लगभग 118 जरूरतमंदों की आंखों का प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डा आशुतोष मिश्रा द्वारा परिक्षण किया गया। जिनका समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहा। इसके अतिरिक्त मिशन की ओर से ज़रूरतमंद मरीजों को दवाईयां एवं नज़र के चश्मे भी दिए गये ताकि अधिक से अधिक संख्या में मरीज इससे लाभान्वित हो सकें। जैसा कि विदित ही है कि निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी के सानिध्य में सन्त निरंकारी मिशन ने आध्यात्मिकता द्वारा विश्व को प्रेम, दया, करुणा, एकत्त्व जैसे भावों से जोड़कर, दीवार रहित संसार की परिकल्पना को साकार किया। उनके पालन पोषण का भी संकल्प लिया गया। इसी महाअभियान को आगे बढ़ाते हुए मिशन के सेवादारों द्वारा आज के दिन 50,000 वृक्ष ओर लगाये जायेंगे एवं उनकी निरंतर देखभाल भी की जायेगी ताकि प्रदूषण का स्तर कम किया जा सके एवं प्राणवायु अर्थात् ऑक्सीजन का निर्माण अधिक से अधिक हो सके क्योंकि मनुष्य का जीवन जिस प्राण वायु पर आधारित है वह हमें इन वृक्षों के माध्यम द्वारा ही प्राप्त होती है। संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मानव कल्याण की भलाई के लिए बाबा हरदेव सिंह जी का यहीं दृष्टिकोण था कि 'प्रदूषण अंदर हो या बाहर, दोनों ही हानिकारक है।' किन्तु इस वर्ष कोरोना की विषम परिस्थिति के कारण मिशन की ओर से जहां जहां पर संत निरंकारी सत्संग भवन हैं केवल उन्हीं स्थानों पर एवं उनके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उक्त जानकारी संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा द्वारा दी गयी। इन सभी अभियानों का आयोजन कोविड-19 के दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए ही किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखते हुए पालघर जिले के आदिवासी तलासरी क्षेत्र में सायवन गांव के घुलुम पाड़ा क्षेत्र में तृतीय सीमेंट नाला बांध (CNB) का निर्माण किया गया, जिसका लोकार्पण बुधवार, दिनांक 23 फरवरी, 2022 को जनरल सेक्रेट्री, सन्त निरंकारी मंडल, सुखदेव सिंह के करकमलों द्वारा किया जायेगा। इससे पूर्व भी दो सीमेंट नाला बांध (CNB) का निर्माण आदिवासी जनजातियों के कल्याण हेतु किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन सदैव ही मानव कल्याण के लिए अग्रणी रहा है जिनमे मुख्यत: स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए सेवाएं की गई हैं और यह सभी सेवाएं निरंतर जारी हैं।

## यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत कंट्रोल रूम पर दर्ज कराएं सूचना- एडीएम प्रशासन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- अपर जिलाधिकारी प्रशासन आलोक कुमार ने सूचित किया है कि यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत भारतीय दूतावास, कीव, यूक्रेन, में मौजूद सभी भारतीयों( भारतीय विद्यार्थियों व अन्य लोगों ) को सम्भावित मदद पहुंचाने के लिये विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हेल्पलाइन संचालित की गई हैं। जिसके तहत कन्ट्रोल रूम नं0- 1800118797 (टोल फ्री), +911123012113, +911123014104, +911123017905 हैं। एडीएम प्रशासन ने बताया कि शासन द्वारा जारी राज्य कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री हेल्पलाइन नं- 0522-1070 व मो0नं0- 9454441081 हैं। इसके अतिरिक्त जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम नं0- 05742-1950, 05742-233312, 05742-233315, 05742-233316 व 05742-233317 हैं। कोई भी समस्या हेतु जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम से सम्पर्क किया जा सकता है।

## बच्चो के लिए खरीदी जाएगी किट

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- प्राथमिक और उच्च प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए खेल की किट खरीदी जाएंगी। इसके लिए एक करोड़ से अधिक रकम खर्च की जाएगी। यह रकम आवंटित भी कर दी गई है। खरीद में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समिति बनाई जाएगी, जो किट की गुणवत्ता परखेगी। बेसिक शिक्षा परिषद के 1691 विद्यालयों में बच्चों के लिए खेल किट खरीदने के लिए एक करोड़ 12 लाख 65 हजार रुपये शासन की ओर से आवंटित किए गए हैं। विभाग को रकम मिलने के बाद इसे विद्यालयों को भेज दिया गया है। प्राथमिक के 1129 विद्यालयों की खेल किटों के लिए पांच हजार रुपये प्रति विद्यालय के हिसाब से धनराशि भेजी गई है, जो 56 लाख 45 हजार रुपये हैं। वहीं उच्च प्राथमिक के 652 विद्यालयों को 10 हजार रुपये प्रति विद्यालय के हिसाब से 56 लाख 20 हजार धनराशि भेजी जा चुकी है। शासन की ओर से दी गई रकम से बच्चों की रुचि की खेल किटें खरीदने के आदेश जारी किए गए हैं। कहा गया है कि शिक्षक अपने नहीं, बल्कि बच्चों की जिस खेल में रुचि हो, उसके आधार पर किटें खरीदें। किट की गुणवत्ता के लिए समिति बनाई गई है जो औचक निरीक्षण कर किसी भी विद्यालय की खेल किट का सत्यापन करेगी और गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट बीएसए कार्यालय में सौंपेगी। जिला समन्वयक प्रशिक्षण डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि शासन की ओर से मिली रकम को विद्यालयों को भेजा गया है। इससे बच्चों की रुचि की खेल किट खरीदी जाएंगी। गुणवत्ता समिति भी गठित की गई है, जो सत्यापन के बाद रिपोर्ट सौंपेगी।

## दो साल के मासूम का शव मिला पोखर से

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जलेसर- थाना क्षेत्र के गांव नगवाई में दो वर्षीय मासूम का शव शुक्रवार को एक तालाब में मिला। वह बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे से लापता था। शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव नगवाई निवासी किशन कुमार बेलदारी पर कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। किशन ने बताया कि उसका दो वर्षीय पुत्र ऋषभ बृहस्पतिवार को घर के बाहर खेल रहा था। काफी देर तक जब बच्चा नहीं दिखा तो उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। परिजन सहित गांव के अन्य लोग उसे रात भर खोजते रहे। शुक्रवार सुबह गांव के लोगों ने तालाब का पानी निकालकर इसे खाली कराया। पानी निकलते ही तालाब में मासूम की शव मिला। कुछ समय बाद परिजनों ने पुलिस को बिना बताए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। उन्होंने खेलते-खेलते तालाब में डूबने की आशंका जताई। थाना प्रभारी शंभूनाथ ने बताया कि मासूम के लापता होने की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को नहीं दी गई थी। जानकारी होने पर गांव में पुलिस गई। तब तक उन्होंने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। किसी तरह के आरोप नहीं लगाए हैं।

## पंचमुखी महादेव मंदिर अवागढ़ महाशिवपुराण के आयोजन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अवागढ़ कस्बा अवागढ़ स्थित शहनौआ मार्ग स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर पर महाशिवपुराण का आयोजन आगरा से पधारे सरस कथा वाचक आचार्य रविकांत चतुर्वेदी द्वारा की जा रही है वहीं कथा आयोजक विपिन बिहारी उपाध्याय परीक्षित सुभाष गुप्ता रहे इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एवम पुरुष मौजूद रहे और श्रोताओं ने महाशिवपुराण में शामिल होने के साथ ही जमकर तालियां बजाकर मनोबल बढ़ाने का कार्य किया इस दौरान डॉक्टर राधा किशन कुशवाह,डॉक्टर जालिम सिंह कुशवाह ,राजा चाउमीन,रामेश्वर दयाल



वर्मा,सागर गोयल,डॉक्टर प्रमुल चौरसिया,गोल्डी गोयल,अरविंद कुमार गोयल, नीटू वर्मा के साथ ही तमाम लोग मौजूद रहे वहीं व्यवस्थापक डॉक्टर जालिम सिंह कुशवाह के द्वारा बताया गया कि महाशिवपुराण दोपहर दो बजे से शाम साढ़े 6 बजे तक ज्यादा से ज्यादा श्रोता पहुंचे और भगवान भोलेनाथ की भक्ति और शक्ति युक्त महाशिवपुराण की कथा सुनें।

# प्रत्येक बूथ में 21 युवाओं को जोड़ेगा भाजयुमो



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जरही- सामुदायिक भवन डुमरिया में शुक्रवार को वन बूथ-टवेन्टी वन यूथ अभियान पर बुंदिया शक्ति केंद में युवा मोर्चा द्वारा बैठक आयोजन किया गया। जिसमे महामंत्री रमेश गुप्ता, भाजयुमो उपाध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी अनूप जायसवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र पाटले, सह प्रभारी मनोज गुप्ता, सह संयोजक संजय पाटले की उपस्थिति में बैठक की गई। भाजयुमो उपाध्यक्ष व शक्ति केंद प्रभारी अनूप जायसवाल ने कहा कि बूथ पर युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए वन बूथ-टवेन्टी वन यूथ अभियान आरंभ किया गया है। ताकि युवा मोर्चा का ग्रामीण स्तर पर विस्तार हो सके। वन बूथ-टवेन्टी वन यूथ कार्य आरंभ कर दिया गया है। जिसमें सभी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि यह कार्य सप्ताह भर के भीतर पूरा करें। इस दौरान मुख्य रूप से लाल साय पाटले, अवध लाल, गणेश यादव, संजू पाटले, नवीन यादव, नंद यादव, सोनू यादव, चंदन पाटले, आकाश कुमार, संदीप यादव, जवाहर सिंह, कुलदीप कुमार उपस्थित थे।

www.knlslive.com

# सूरजपुर के प्रेम नगर इलाके में पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- एंकर -- सूरजपुर के प्रेम नगर इलाके में पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 4 महिलाओं की मौत हो गई है जबकि 8 महिलाएं घायल हैं,, जिन का इलाज जिला अस्पताल सूरजपुर में चल रहा है,, इसमें दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है,, दरअसल यह पूरा मामला प्रेम नगर इलाके के मुख्य मार्ग का है, जहां गांव की लगभग 30 महिलाएं एक पिकअप में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए शिवपुर गांव जा रही थी, इसी दौरान मुख्य मार्ग पर ही अचानक पिकअप अनियंत्रित हो गई और सड़क पर ही पलट गई,, जिसमें 8 महिलाएं घायल हो गई हैं और एक महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया,,, घायल महिलाओं को उसके लिए सूरजपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है, जिला इलाज के दौरान तीन अन्य महिलाओं को भी मौत हो गई,, मिलाकर इस भीषण दुर्घटना में 4 महिलाओं ने अपनी जान गवा दी है,, वहीं दो महिलाओं की हालत चिंताजनक बताई जा रही है,, जिन्हें रायपुर रिफर किया जा रहा है,, घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रेम नगर विधायक खेल शासन की मौके पर पहुंचे और घायलों का हालचाल पूछा साथ ही जिला चिकित्सालय के प्रबंधक को घायलों के लिए अच्छा इलाज मुहैया कराने का निर्देश दिया,, फिलहाल दुर्घटना की वजह का पता नहीं चल सका है,, लेकिन एक बात तो साफ है मालवाहक गाड़ी में इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं को ले जाना कई सवाल खड़े करता है,, फिलहाल पुलिस मौके पर प्रेम नगर पुलिस पहुंच पूरे मामले की जांच में जुट गई है

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सूरजपुर स्कूल प्राथमिक शाला भवन खैरा आज भी पड़ा अधूरा, नौनिहाल बच्चों को अध्ययन कार्य में परेशानी




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- स्कूल ना होने से प्राथमिक शाला के बच्चों को माध्यमिक शाला के बच्चों के साथ पढ़ाने के लिए शिक्षक मजबूर, सूरजपुर जिले के दूर अंचल क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत खैरा में काफी दिनों से प्राथमिक शाला स्कूल निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच रामनरेश सिंह की कार्यकाल में पिछले दिन प्राथमिक शाला भवन का निर्माण कराया गया था ।जो आज भी अधूरा पड़ा हुआ है प्राथमिक शाला खैरा के प्राथमिक शाला अधूरा पड़े होने के कारण नौनिहाल बच्चों को काफी दिनों से अध्ययन कार्य करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस ओर आज दिवस तक शासन प्रशासन की कोई नजर ही नहीं जाती। माध्यमिक शाला भवन खैरा में छठवीं से आठवीं तक बच्चों को अध्ययन कार्य के साथ ही उसी स्कूल में प्राथमिक शाला केछोटे-छोटे बच्चों को भी बैठा कर अध्ययन कार्य कराने के लिए शिक्षक मजबूर हैं।प्राथमिक शाला निर्माण अधूरे होने से बच्चों के अध्ययन कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे शासन को तत्काल संज्ञान में रखते वेबच्चों के शिक्षण कार्य में मदद करनी चाहिए।


## पंचायत सचिवों को तनाव मुक्त होकर कार्य करने हेतु दिया गया प्रशिक्षण



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला पंचायत सीईओ श्री राहुल देव के निर्देश पर श्री ऋषभ सिंह उप संचालक पंचायत द्वारा जिला सचिव एवं ब्लॉक संघ पदाधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में जिला सचिव संघ अध्यक्ष एवं सभी सचिव संघ ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में ग्राम पंचायत के रिकॉर्ड संधारण एवं तनाव मुक्त जीवन शैली के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित कर बेहतर कार्य करने के जानकारी दी गई। सभी सचिव को प्रत्येक कार्य को तनाव मुक्त होकर संपन्न करने कहा गया है। जिला सचिव संघ अध्यक्ष ने जिला पंचायत सीईओ को सचिवों के पुनर्निरिक्षित वेतन मान प्रकरणों के त्वरित निराकरण कराने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जंगल में अंधाधुन लकड़ी कटाई हो रही है जिसे रोकने के लिए वन विभाग पुलिस नाकामयाब रही



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सूरजपुर - बिहार पुर के ग्राम पंचायत पेंडारी के जंगल में अंधाधुन लकड़ी कटाई हो रही है जिसे रोकने के लिए वन विभाग पुलिस नाकामयाब रही। वन परीक्षेत्र बिहार पुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंडारी पी. 569 के घने जंगल में मोटे मोटे साल की अंधाधुंध कटाई चल रहा है। आप देख सकते हैं की साल की लकड़ियों का कटाई कर अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ है। लेकिन वन परीक्षेत्र बिहार पुर के कर्मचारियों ने इसे रोकने में असफल हो रहे हैं। पेन्डारी के जंगल से लगे खैरा जंगल में भी अंधाधुंध कटाई चल रहा था , जिसका हमारे न्यूज़ सोशल मीडिया पर कई बार चलाया गया है। बिहार पुर वन परीक्षेत्र के सिपाही दरोगाओं का अपने काम से काम पेमेंट के लिए इंतजार में लगे रहते हैं । लेकिन अपने काम को ठीक से ना करने का नतीजा हमें देखने को मिल रहा है । आए दिन ऐसी स्थिति बने रहने पर पूरे जंगल का खात्मा हो जाएगा ।और सिपाही दरोगा हाथ पर हाथ धरे बैठे रह जाएंगे। क्योंकि इन्हें तो अपनी पेमेंट मिलने से मतलब है। आपको हम बताना चाहते हैं कई दिनों से वन विभाग बिहार पुर के अधिकारी कर्मचारियों की घोर लापरवाही और वन विभाग के विनाश को देखते हुए सोशल मीडिया पर वायरल किया जा है, परंतु विभाग द्वारा जंगल में कभी नहीं घुस कर देखा जाता । सिर्फ रोड के किनारे किनारे बाइक द्वारा दौरा करके अपना ड्यूटी पूरा किया जाता है। हमारे पत्रकार साथी भ्रमण करते हुए जब जंगल में घुसे तो देखा कि साल की लगभग 10 -15 मोटे मोटे पेड़ को काटकर अज्ञात लोगों ने ले गए हैं लेकिन वहां पर उसके खुठ साफ-साफ बता रहे हैं कि कितने मोटे लकड़ी यहां पर काटा गया है।